# ज्वाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

क्रमांक–148

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक–20.12.2024

---

## श्रीअन्न की खेती,वेल्यू एडिशन हेतु करें जागरूक – डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव

### जनेकृविवि में श्री अन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबंर्धित खाद्य उत्पादों का प्रशिक्षण

**जबलपुर 20 दिसम्बर, 2024।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संवंर्धित खाद्य उत्पादों के विषय में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के मुख्यआतिथ्य में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यमी, किसान एवं छात्र–छात्राओं को मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्यअतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने कहा कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आप सभी लोग जो कुछ भी सीखा है, उसे अपने क्षेत्रों में जाकर अन्य लोगों को भी श्रीअन्न की खेती, प्रोडक्शन, वैल्यू एडिशन हेतु जागरूक करें, जिससे अन्य लोगों को भी इसकी उपयोगिता की जानकारी प्राप्त हो सकेगी और श्रीअन्न की खेती से अधिक मुनाफा प्राप्त कर समृद्धि के साथ आजीविका चला सकें एवं स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना सकार हो सके। आपने श्री अन्न की खेती करने और सोशल मीडिया के माध्यम से इसके प्रचार–प्रसार करने पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व एवं इसके उद्देश्य के संबंध में डॉ. अल्पना सिंह ने महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। आपने बताया कि 37 मास्टर ट्रेनरों को श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संबंर्धित खाद्य उत्पादों का सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अर्चना पांडे ने बताया कि इस प्रशिक्षण में श्री अन्न से तैयार किये गये उत्पाद ब्रेड, बिस्किट, पास्ता टोस्ट, मशीनों द्वारा दराई सफाई, प्रसंस्करण, लघुधान्यों की उत्पादन तकनीक, कोदो, कुटकी, की मिलिंग पेकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया गया और अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अर्चना पांडे द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. श्रीमती अर्चना पांडे,, विशेषज्ञ डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।